बिहार सरकार

MOFPI
MINISTRY OF FOOD PROCESSING INDUSTRIES
GOVERNMENT OF INDIA

## उद्योग विभाग

# प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना

## PMFME



खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय

# जिला नोडल पदाधिकारियों (DNO) की सूची

| क्र0 | जिला का नाम | सम्पर्क पदाधिकारी | मो0 नं0 |
|---|---|---|---|
| 1 | अररिया | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923225 |
| 2 | अरवल | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923226 |
| 3 | औरंगाबाद | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923227 |
| 4 | बांका | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923228 |
| 5 | बेगूसराय | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923229 |
| 6 | भागलपुर | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923230 |
| 7 | भोजपुर | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923231 |
| 8 | बक्सर | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923232 |
| 9 | दरभंगा | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923233 |
| 10 | पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923234 |
| 11 | गया | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923235 |
| 12 | गोपालगंज | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923236 |
| 13 | जमुई | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923237 |
| 14 | जहानाबाद | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923238 |
| 15 | कैमूर | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923239 |
| 16 | कटिहार | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923240 |
| 17 | खगड़िया | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923241 |
| 18 | किशनगंज | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923242 |
| 19 | लखीसराय | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923243 |
| 20 | मधेपुरा | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923244 |
| 21 | मधुबनी | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923245 |
| 22 | मूंगेर | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923246 |
| 23 | मुजफ्फरपुर | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923247 |
| 24 | नालंदा | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923248 |
| 25 | नवादा | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923249 |
| 26 | पटना | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923250 |
| 27 | पूर्णियाँ | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923251 |
| 28 | रोहतास | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923252 |
| 29 | समस्तीपुर | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923253 |
| 30 | सारण | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923254 |
| 31 | शेखपुरा | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923255 |
| 32 | सहरसा | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923256 |
| 33 | शिवहर | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923257 |
| 34 | सीतामढ़ी | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923258 |
| 35 | सिवान | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923259 |
| 36 | सुपौल | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923260 |
| 37 | वैशाली | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923261 |
| 38 | प0 चम्पारण (बेतिया) | महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र | 7320923262 |

# प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना

## संक्षिप्त मार्गदर्शिका

### 1. भूमिका

1.1 लगभग 25 लाख उद्यमों वाला असंगठित खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र, खाद्य उद्यम क्षेत्र के कुल रोजगार में 74% का योगदान करता है। इनमें से लगभग 66% उद्यम ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित है और लगभग 80% उद्यम परिवार आधारित उद्यम हैं जो ग्रामीण पारिवारिक आजीविका में सहायक हैं और शहरी क्षेत्रों में उनके पलायन को कम करती हैं। अधिकांशतः ये सूक्ष्म उद्यम हैं।

1.2 इन उद्योगों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जिससे इनका काम एवं विस्तार सीमित हो जाता है। इन चुनौतियों में, आधुनिक प्रौद्योगिकी एवं उपकरणों की उपलब्धता, प्रशिक्षण, सांस्थानिक ऋण की उपलब्धता, उत्पादों के गुणवत्ता नियंत्रण के संबंध में जानकारी की कमी तथा ब्रांडिंग एवं विपणन कौशल की कमी शामिल हैं। इसलिए, असंगठित खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र अपनी भारी क्षमता के बावजूद मूल्यवर्द्धन तथा आउटपुट के संदर्भ में बहुत कम योगदान कर पाता है।




**74%**

खाद्य उद्यम क्षेत्र के कुल रोजगार में 74% का सूक्ष्म खाद्य उद्यमों का करता है।



**80%**

खाद्य प्रसंस्करण के 80% उद्यम परिवार आधारित हैं जो ग्रामीण पारिवारिक आजीविका में सहायक हैं।





## 2. उद्देश्य

2.1 असंगठित खाद्य प्रसंस्करण सूक्ष्म उद्यम क्षेत्र के योगदान और उनके कार्य निष्पादन में बाधा पहुंचाने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए खाद्य प्रसंस्करण उद्यम मंत्रालय ने एक पैकेज सहायता तथा सेवाओं के माध्यम से "पीएमएफएमई- प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना" शुरू की है। राज्य में इस योजना का संचालन खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय, उद्योग विभाग द्वारा किया जा रहा है।

**योजना के उद्देश्य :-**

(i) तकनीकी ज्ञान, कौशल प्रशिक्षण तथा हैंड-होल्डिंग सहायता सेवाओं के माध्यम से उद्यमियों का क्षमता निर्माण।

(ii) प्रौद्योगिकी उन्नयन के लिए मौजूदा सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों एफ.पी.ओ स्वयं-सहायता समूहों एवं सहकारिताओं को ऋण दिलाना।

(iii) सूक्ष्म उद्यमों को साझा सेवाओं का लाभ लेने हेतु कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ), स्वयं सहायता समूहों(एसएचजी), उत्पादक सहकारिताओं तथा सहकारी समितियों को उनकी सम्पूर्ण मूल्य श्रृंखला में सहायता करना।

(iv) मौजूदा 2 लाख उद्यमों को विभिन्न सरकारी पंजीकरण हेतु औपचारिक फ्रेमवर्क में अंतरण करने के लिए सहायता देना।

(V) ब्रांडिंग और विपणन को मजबूत करके संगठित आपूर्ति श्रृंखला के साथ एकीकरण करना।

## 3. शामिल किए गए राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों तथा वित्तपोषण का पैटर्न


3.1 यह वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक के 5 वर्षों के लिए 2,00,000 उद्यमों को लाभ देने के लिए 10,000 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ एक अखिल भारतीय केंद्र प्रायोजित योजना है। योजना के अंतर्गत व्यय में केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच 60:40 के अनुपात, पूर्वोत्तर तथा हिमालयी राज्यों में 90:10 के अनुपात, विधायिका वाले संघ राज्य क्षेत्रों के साथ 60:40 के अनुपात और अन्य संघ राज्य क्षेत्रों के लिए 100% केंद्र द्वारा योगदान किया जाएगा।

3.2 प्रथम वर्ष अर्थात 2020-21 में केंद्र अथवा राज्य द्वारा किए जाने वाला व्यय का वहन 100% केंद्र सरकार द्वारा किया जाएगा। प्रथम वर्ष के लिए किया गया व्यय, राज्यों को अगले चार वर्षों में हस्तांतरित की जाने वाली निधियों में समान रूप से उपर्युक्त औसत से समायोजित किया जाएगा। मौजूदा व्यक्तिगत सूक्ष्म उद्योगों के समर्थन के संबंध में, ''एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी)'' दृष्टिकोण के तहत् उत्पादन करने वालों को

GOV

**60:40**

बिहार राज्य के अंतर्गत इस योजना में केन्द्र और राज्य की भागीदारी।



प्राथमिकता दी जाएगी। हालाँकि, अन्य उत्पादों का उत्पादन करने वाली उद्यमों का भी समर्थन किया जाएगा। समूहों के मामले में प्रभावी रूप से "एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी)" उत्पादों में शामिल उद्योगों को सहायता में प्राथमिकता दी जाएगी। ऐसे जिलों में अन्य उत्पादों का प्रसंस्करण करने वाले समूहों को सहायता केवल उन्हीं को दी जाएगी जो ऐसे उत्पादों का पहले से प्रसंस्करण कर रहे हैं और जिनके पास पर्याप्त तकनीकी, वित्तीय तथा उद्यमी क्षमता है। प्राथमिकता के आधार पर "एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी)" दृष्टिकोण के तहत् उत्पादों के लिए साझा इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा ब्रांडिंग और विपणन के लिए समर्थन दिया जाएगा। राज्य अथवा क्षेत्र स्तर पर विपणन एवं ब्रांडिंग के लिए सहायता के मामले में जिलों के समान उत्पादों को भी जिनमें वही उत्पाद "एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी)" के रूप में नहीं हैं, शामिल किया जा सकेगा।

3.3 योजना के अंतर्गत निधियाँ राज्यों की अनुमोदित प्रोजेक्ट कार्यान्वयन प्लान (पीआईपी) के आधार पर राज्यों को दी जाएगी।

## 4. एक जिला-एक उत्पाद : कलस्टर दृष्टिकोण

4.1 इस योजना में एक जिला एक उत्पाद दृष्टिकोण के तहत् कृषि उत्पाद की खरीद, साझा सेवाओं का लाभ लेने तथा उत्पादों के विपणन के संदर्भ में पैमाने के लाभों को प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) दृष्टिकोण, वैल्यू चेन और बुनियादी ढाँचे इत्यादि में प्राथमिकता दी जाएगी।

4.2 योजना में बैकवर्ड एवं फारवर्ड लिंकेज को मजबूत करने, साझा सुविधाओं, इनक्यूबेशन केंद्रों, प्रशिक्षण, रिसर्च, विपणन और ब्रांडिंग की सहायता दी जाएगी। इसके अलावा कलस्टर दृष्टिकोण से भी सरकार के मौजूदा प्रचार प्रयासों से लाभान्वित होगा। "कृषि निर्यात नीति" के तहत् कृषि फसल समूहों का विकास, राष्ट्रीय शहरी ग्रामीण मिशन के माध्यम से कृषि मंत्रालय और ग्रामीण विकास मंत्रालय के कलस्टर दृष्टिकोण से लाभान्वित किया जायेगा।

**योजना में बैकवर्ड एवं फारवर्ड लिंकेज को मजबूत करने, साझा सुविधाओं, इनक्यूबेशन केंद्रों, प्रशिक्षण, रिसर्च, विपणन और ब्रांडिंग की सहायता दी जाएगी।**



## 5. खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को सहायता

(i) इकाइयों के उन्नयन हेतु विद्यमान असंगठित खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को अधिकतम 10 लाख रुपए तक की अनुदान सहायता से परियोजना लागत की 35% क्रेडिट लिंक्ड अनुदान सहायता।

(ii) निर्धारित अधिकतम सीमा तक पूंजी व्यय के लिए स्वयं सहायता समूहों/ एफपीओ/सहकारिताओं को परियोजना लागत की 35% क्रेडिट लिंक्ड अनुदान सहायता।

(iii) वर्किंग कैपिटल के रूप में खाद्य प्रसंस्करण में कार्यरत स्वयं सहायता समूहों के प्रति सदस्य को 40,000/- रुपए की दर से प्रारंभिक पूँजी।

(iv) निर्धारित अधिकतम सीमा तक कॉमन इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए परियोजना लागत की 35% क्रेडिट लिंक्ड अनुदान सहायता।

(v) बिक्री और ब्रांडिंग निर्धारित सीमा तक व्यय के 50% तक के लिए सहायता।

**35%**

**निर्धारित अधिकतम सीमा तक कॉमन इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए परियोजना लागत की 35% क्रेडिट लिंक्ड अनुदान सहायता।**

## 6. प्रसंस्करण इकाइयों का उन्नयन

**(क) व्यक्तिगत श्रेणी :** व्यक्तिगत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना, वर्तमान उद्योगों का विस्तार/प्रौद्योगिकी उन्नयन के लिए पात्र परियोजना लागत की 35% की दर से क्रेडिट-लिंक्ड पूंजी सब्सिडी का लाभ उठा सकते हैं जिसकी अधिकतम लागत 10 लाख रुपए प्रति उद्यम तक हो सकती हैं। लाभार्थी का योगदान न्यूनतम 10% होना चाहिए और शेष राशि बैंक से ऋण होनी चाहिए।

**(ख) पात्रता मानदंड**

(i) उद्यम के स्वामित्व अधिकार के साथ व्यक्तिगत/भागीदार फर्म।

(ii) मौजूदा सूक्ष्म खाद्य उद्यम जो कि सर्वे या रिसोर्स पर्सन द्वारा जांचे गए हों।

(iii) आवेदक 18 वर्ष से अधिक का हो ।

(iv) वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए एक परिवार से केवल एक व्यक्ति पात्र होगा। इस प्रयोजन के लिए "परिवार" में स्वयं, पत्नी और बच्चे शामिल होंगे।

**(ग) उन्नयन के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया:-**

(I) योजना के अंतर्गत सहायता प्राप्त करने के इच्छुक मौजूदा अथवा प्रस्तावित खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों/इकाइयों को पी.एम.एफ.एम.ई पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करना चाहिए। जांच के बाद बैंकों को ऋण प्रस्तावों की सिफारिश की जाएगी। राज्य स्तर पर बैंकों द्वारा सिफारिश की जाने वाले आवेदनों की सूची पर निर्णय लिया जा सकता हैं।

(ii) अनुदान हेतु बैंक के साथ कार्रवाई।

(iii) राष्ट्रीय स्तर पर बैंकों को सब्सिडी वितरित करने और लाभार्थियों को लाभ देने के लिए अन्य बैंकों के साथ संपर्क करने लिए नोडल बैंक नियुक्त किया जाएगा। ऋण स्वीकृत करने वाला बैंक लाभार्थी के नाम से एक और एकाउंट खोलेंगे। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा 60:40 अनुपात में अनुदान क्रमशः राज्य और केंद्र सरकार द्वारा ऋण देने वाले बैंक में लाभार्थी के इस खाते में जमा किया जाएगा।

## 7. सामान्य अवसरंचना का सृजन

एफपीओ / एसएचजी / उत्पादक सहकारिताओं / राज्य एजेंसियों अथवा निजी उद्यमियों को साझा प्रसंस्करण सुविधा, इन्क्यूबेशन केंद्र, प्रयोगशाला, गोदाम, कोल्ड स्टोरेज इत्यादि सहित साझा इन्फ्रास्ट्रक्चर के सृजन के लिए दी जाएगी। इस श्रेणी के अंतर्गत पात्रता किसानों के अन्य उद्यमों का लाभ, क्वालिटी अंतर, निजी निवेश की अनुपस्थिति, मूल्य श्रृंखला के लिए महत्त्व आदि के आधार पर निश्चित की जाएगी। क्रेडिट लिंक्ड अनुदान यथा-निर्धारित अधिकतम 35% तक उपलब्ध होगा।

## 8. ब्रांडिंग एवं विपणन सहायता

(i) साझा पैकेजिंग और ब्रांडिंग विकसित करने, गुणवत्ता नियंत्रण, मानकीकरण के साथ साझा पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग का विकास करने तथा उपभोक्ता फुटकर बिक्री के लिए खाद्य संरक्षा पैरामीटरों का पालन करने के लिए ''ओडीओपी'' प्राथमिकता का दृष्टिकोण अपनाते हुए योजना के अंतर्गत एफपीओ/एसएचजी/सहकारिताओं अथवा सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के एसपीभी को ब्रांडिंग और बिक्री सहायता दी जाएगी।

(ii) साझा विपणन और ब्रांडिंग के लिए न्यूनतम खर्च की आवश्यकता होती है जिसे एक साथ बड़ी संख्या में उत्पादकों को लाने के लिए एफपीओ/एसएचजी/सहकारी समितियों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से उत्पन्न किया जा सकता है। इन संगठनों को डीपीआर के अनुरूप समर्थन दिया जाएगा। ब्रांडिंग और विपणन के लिए प्रस्तावों हेतु डीपीआर तैयार करने के लिए 5 लाख रुपए तक की सहायता राज्य नोडल एजेंसी से उपलब्ध होगी।

(iii) ब्रांडिंग और विपणन के लिए समर्थन निर्धारित अधिकतम सीमा के साथ कुल व्यय का 50% तक सीमित होगा। ब्रांडिंग और विपणन के लिए राज्यों या राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों के प्रस्तावों को राष्ट्रीय स्तर पर उत्पादों के लिए समर्थन दिया जाएगा। योजना के अंतर्गत रिटेल आउटलेट शुरू करने के लिए कोई सहायता नहीं दी जाएगी।

(iv) सहायता के आवेदन करने की प्रक्रिया : योजना के अंतर्गत ब्रांडिंग और विपणन के लिए सहायता हेतु आवेदन करने में रुचि रखने वाले एसएचजी / एफपीओ / सहकारी समितियां डीपीआर राज्य नोडल एजेंसी (एसएनए) को प्रस्तुत करेंगी। राज्य नोडल एजेंसी प्रस्ताव का मूल्यांकन करेगी और राज्य स्तरीय अनुमोदन समिति (एसएलएसी) की सिफारिश के साथ खाद्य प्रसंस्करण उद्यम मंत्रालय का अनुमोदन प्राप्त करेगी। उसके पश्चात् प्रस्ताव ऋण की मंजूरी हेतु बैंक को संपुष्ट किया जाएगा। साझा इन्फ्रास्ट्रक्चर के सृजन हेतु सहायता के लिए आवेदन करने हेतु भी यही प्रक्रिया का पालन किया जायेगा।



**50%**

**ब्रांडिंग और विपणन के लिए समर्थन निर्धारित अधिकतम सीमा के साथ कुल व्यय का 50% तक सीमित होगा।**



**ब्रांडिंग और विपणन के लिए प्रस्तावों हेतु डीपीआर तैयार करने के लिए 5 लाख रुपए तक की सहायता राज्य नोडल एजेंसी से उपलब्ध होगी।**






## 9. क्षमता निर्माण और अनुसंधान

(i) सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के तकनीकी उन्नयन और औपचारिकीकरण में प्रशिक्षण एक महत्वपूर्ण अवयव है। प्रत्येक लाभार्थी और अनुदान लेने वाले संस्थान अपने कौशल का उन्नयन करने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इसके अलावा जिले में **''ओडीओपी''** (प्राथमिकता) उत्पाद बनाने वाली अन्य मौजूदा व्यक्तिगत इकाइयों और समूहों यदि उन्हें क्रेडिट-लिंक्ड अनुदान के माध्यम से सहायता न भी दी जा रही हो तो भी प्रशिक्षण सहायता प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण सहायता उन उद्योगों को भी दी जाएगी जो विपणन और ब्रांडिंग की सहायता लेंगे अथवा ऐसे नेटवर्क से जोड़ने की क्षमता रखते हों।

(ii) राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमशीलता एवं प्रबंधक संस्थान (निफ्टेम) और भारतीय खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएफपीटी), MOFPI के तहत् दो राष्ट्रीय स्तर के फूड प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी संस्थानों को क्षमता निर्माण और अनुसंधान की राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदारी दी गयी है। राज्य स्तर पर वे क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण के लिए राज्य सरकार द्वारा चयनित खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी में एक राज्य स्तरीय प्रौद्योगिकी संस्थान के साथ भागीदारी करेंगे।

(iii) व्यक्तिगत एवं समूह लाभार्थियों के लिए प्रशिक्षण उद्यमशीलता विकास, उद्यम प्रचालनों के अनिवार्य कार्यों, खाताबही, पंजीकरण, एफएसएसएआई मानकों, उद्योग आधार, जीएसटी पंजीकरण, सामान्य हाईजीन, पैकेजिंग, विपणन इत्यादि पर फोकस करेगा। **''ओडीओपी''** के मॉडल उत्पाद पर डिजाइन किया गया विशिष्ट प्रशिक्षण उद्यमियों के कार्य स्थल के निकट चलाया जाएगा। ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थानों (आरएसईटीआई) और जिला स्तर पर अन्य संस्थानों की मौजूदा अवसंरचना प्रशिक्षण देने के लिए उपयोग में लाई जाएगी।




**प्रशिक्षण**

**प्रत्येक लाभार्थी और अनुदान लेने वाले संस्थान अपने कौशल का उन्नयन करने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।**



**ओडीओपी**

**के मॉडल उत्पाद पर डिजाइन किया गया विशिष्ट प्रशिक्षण उद्यमियों के कार्य स्थल के निकट चलाया जाएगा।**



## 10. साझीदार संस्थान

(i) योजना में एससी / एसटी, महिला एवं महत्वाकांक्षी जिलों तथा एफपीओ, एसएचजी व उत्पादक समितियों पर विशेष फोकस किया गया है। ट्राइफैड, राष्ट्रीय एससी विकास वित्त निगम, एनसीडीसी, लघु कृषक कृषि-कारोबार संघ (एसएफएसी) तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत इन क्षेत्रों में कार्य करते रहे हैं। उपर्युक्त संस्थान क्रमशः अनुसूचित जनजातियों, अनुसूचित जाति के उद्योगों/ कलस्टरों, सहकारिताओं, एफपीओ और एसएचजी की पहचान कर उनको सहायता प्रदान कर उनके प्रस्तावों को राज्य सरकार को समर्पित करेंगे।

## 11. कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण तंत्र

(i) योजना में इसके प्रभावी कार्यान्वयन तथा अनुश्रवण के लिए केंद्र, राज्य और जिला स्तर पर निम्नलिखित प्रबंधन संरचना होगी-

**(क) अंतर मंत्रालयी अधिकार प्राप्त समिति (आईएमईसी) :** केंद्रीय स्तर पर आईएमईसी की अध्यक्षता मार्गदर्शन तथा योजना के कार्यान्वयन के लिए समग्र दिशा, प्रगति की निगरानी और इसके निष्पादन की समीक्षा करने के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री (एमओएफपीआई) द्वारा की जाएगी। आईएमईसी योजना के गाइडलाईन, योजना के अंतर्गत राज्यों की प्रोजेक्ट कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) तथा एसएचजी / एफपीओ / सहकारिताओं, साझा इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा विपणन और ब्रांडिंग के 10 लाख रुपए से अधिक पूंजी निवेश के प्रस्ताव अनुमोदित करेगी। प्रशासनिक कार्य संचालित करने तथा नियमित मॉनिटरिंग करने के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में परियोजना कार्यकारी समिति (पीईसी) गठित की जाएगी। सचिवालयी, प्रबंधकीय एवं कार्यान्वयन सहायता देने के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की सहायता हेतु एक राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रबंधन यूनिट (एनपीएमयू) स्थापित की जाएगी।

**(ख) राज्य स्तरीय :** योजना के कार्यान्वयन की निगरानी करने के लिए राज्य सरकार नोडल विभाग और राज्य नोडल अधिकारी नियुक्त करेंगी । योजना का कार्यान्वयन में सहायता प्राप्त करने हेतु राज्य परियोजना प्रबंधन यूनिट (SPMU) का चयन राज्य नोडल एजेंसी (एसएनए) द्वारा किया जाएगा। मुख्य सचिव की



अध्यक्षता वाली राज्य स्तरीय अनुमोदन समिति (SLAC) योजना के कार्यान्वयन की निगरानी एवं अनुश्रवण करेगी। यह समिति योजना के कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न कार्यकलापों पर होने वाले व्यय के लिए 10 लाख रुपए तक की स्वीकृति देगी। जिला अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति (डीएलसी) गठित की जाएगी।

(ग) **लाभार्थियों को हैंड-होल्डिंग** सहायता देने के लिए राज्य नोडल एजेंसी (**SNA**) द्वारा रिसोर्स पर्सन (DRP) नियुक्त किए जाएंगे। जिसका कार्य लाभार्थियों को हैंड-होल्डिंग सहायता, डीपीआर तैयार करने, बैंक ऋण लेने, आवश्यक पंजीकरण प्राप्त करने तथा एफएसएसएआई के मानकों का निबंधन, उद्यम आधार, जीएसटी इत्यादि सहित लाइसेंस के लिए होगी।

12. इस योजना का विस्तृत दिशानिर्देश मंत्रालय की वेबसाइट **mofpi.nic.in** पर देखा जा सकता है और विशेष जानकारी जिला स्तर पर कार्यालय, जिला उद्योग केन्द्र, मुख्यालय स्तर पर खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय, उद्योग विभाग, बिहार, पटना एवं उद्योग मित्र, बिहार, पटना से प्राप्त किया जा सकता है।











# जिला संसाधन सेवियों (DRP) की सूची

| क्र0 | जिला का नाम | संसाधन सेवी का नाम | संसाधन सेवी का मो0 नं0 |
|---|---|---|---|
| 1 | अररिया | पियुष कुमार यादव | 7909025163 |
| | | निशांत कुमार | 8298655577 |
| 2 | अरवल | पवन कुमार | 9852613699 |
| 3 | औरंगाबाद | अश्विनी कुमार पाण्डेय | 6200272904 |
| | | साकेत बिहारी | 9785673270 |
| 4 | बांका | विवेक कुमार | 6299420701 |
| | | संजन कुमार भारती | 7004320993 |
| 5 | बेगूसराय | राहुल कुमार | 7983818012 |
| | | आरती कुमार | 6396075637 |
| | | रविशंकर कुमार | 9430553307 |
| 6 | भागलपुर | मिथिलेश कुमार | 7766045220 |
| | | अभिषेक कुमार | 9060691895 |
| 7 | भोजपुर | प्रभुनाथ मिश्रा | 7004519645 |
| | | निरज कुमार | 9661809660 |
| 8 | बक्सर | प्रेम कुमार यादव | 7236920219 |
| | | ओम नारायण राय | 8787201324 |
| 9 | दरभंगा | श्रवण कुमार राय | 7985193639 |
| | | कन्हैया कुमार | 9525894062 |
| | | रवि कुमार | 9709423794 |
| 10 | पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) | सुजीत कुमार गुप्ता | 9795544335 |
| | | राहुल कुमार रंजन | 8051638282 |
| 11 | गया | रमेश कुमार पूर्वी | 9709423794 |
| | | राकेश प्रियदर्शी | 9931998414 |
| | | शिखा प्रियदर्शनी | 7056274415 |
| 12 | गोपालगंज | दीपक कुमार | 7004959693 |
| | | सोनू कुमार प्रसाद | 7236001666 |
| 13 | जमुई | प्रिन्स राज | 6200740810 |
| 14 | जहानाबाद | कुमार गौरव | 9024038454 |
| 15 | कैमूर | अरीन कुमार | 8386162890 |
| | | रवि रंजन कुमार | 7488182192 |
| 16 | कटिहार | मो0 तहसीन राजा | 7301471255 |
| 17 | खगड़िया | रौशन कुमार | 6201491824 |
| | | सुशान्त सौरव | 8298630540 |
| 18 | किशनगंज | प्रमोद कुमार | 9284624340 |
| 19 | लखीसराय | हर्ष अग्रवाल | 8873494007 |
| | | प्रज्ञानन्दा कुमारी | 8709633953 |
| | | आकाश कुमार राज | 7488537228 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 20 | मधेपुरा | अंशु कुमार सिंह | 8709473674 |
| | | प्रशांत कुमार | 7903533295 |
| | | रीपियन कुमार | 7488537228 |
| 21 | मधुबनी | प्रशांत कुमार | 7004337346 |
| | | हेमन्त कुमार | 8271595995 |
| | | अनिश आनन्द | 8825106373 |
| 22 | मूंगेर | आनन्द साही | 8433062828 |
| 23 | मुजफ्फरपुर | रश्मि किशोरी | 8210157411 |
| | | मृणाल राज | 9102474504 |
| | | अनुरंजन कुमार | 9852087390 |
| 24 | नालंदा | दीपक कुमार | 7903891143 |
| | | अदित्य प्रताप | 9631788621 |
| 25 | नवादा | गौरव कुमार | 7766069622 |
| | | गुलशन कुमार | 9162639187 |
| 26 | पटना | रवि रंजन कुमार | 9304331383 |
| | | रितेश कुमार | 6394039362 |
| 27 | पूर्णियाँ | प्रभात रंजन | 9650288689 |
| | | सुमन सागर | 8279662343 |
| | | संदीप कुमार | 8051693241 |
| 28 | रोहतास | गौरव आनन्द | 7668688305 |
| | | कुमारी गरिमा सिन्हा | 7667466042 |
| 29 | समस्तीपुर | अंकित कुमार | 8210471319 |
| | | अवकाश कुमार आनन्द | 7763994500 |
| 30 | सारण | किशोर | 9504815856 |
| | | मंजीत पाण्डेय | 7004417827 |
| 31 | शेखपुरा | आरती कुमार | 8881448435 |
| 32 | सहरसा | मनीष कुमार | 6204467420 |
| | | दिलीप कुमार | 9955367344 |
| 33 | शिवहर | दीनानाथ कुमार | 8699194798 |
| | | रंजन कुमार | 9135285336 |
| 34 | सीतामढ़ी | रौशन कुमार | 7250302642 |
| | | अमरेन्द्र कुमार | 9142594938 |
| 35 | सिवान | अमिना अंजुम | 7978667186 |
| | | आदित्य अजय | 7417181734 |
| 36 | सुपौल | प्रत्युष कुमार | 6397842295 |
| | | सुरज कुमार | 6395543284 |
| 37 | वैशाली | विजय कुमार | 8969040551 |
| | | गोविन्द कुमार | 8292128856 |
| 38 | प0 चम्पारण (बेतिया) | धीरज कुमार | 9102637754 |
| | | रंजीत कुमार पाण्डेय | 8002418865 |

Design & Print @ Gyan Ganga Creations # 09334110685